>

Title: Need to improve customer care service of Mobile operators in the country.

श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिरडी): हमारे देश में दूर-संचार क्षेत्र में आज प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा है। इसकी वजह से हो रही परेशानियों को आम नागरिकों को झेलने पर विवश किया जा रहा है। आज समय ऐसा आ गया है कि निजी टेलीकाम कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को अलग-अलग तरह से परेशान किया जा रहा है। इसका मुख्य कारण अनचाही सेवा जैसे की कॉलर टयून, अनचाहे मैसेज, फ्रैंड चैट, क्रिकेट स्कोर, एम.एम.एस., हैलो टयून को अपने आप उपभोक्ता के फोन पर एक्टीवेट किया जा रहा है। प्रतिदिन अनचाही चार्ज और शुल्क काट दिया जाता है। लेकिन जब काल सेंटर को फोन किया जाता है तो 10 से 15 मिनट के बाद लाइन जोड़ी जाती है जिसका खामियाजा देश के आम नागरिक जो दैनिक 50 रूपये मजदूरी कमाते हैं उनको भी भुगतना पड़ता है।

अतः आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसको रोकने के लिए एवं उपभोक्ता की तुंत काल सेंटर में बात कराने के दिशानिर्देश निजी टेलीकाम कंपनियों को दिए जाए और निर्देशों का पालन न करने पर उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए।